Series **E1GFH/4**

**Set No. 3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/4/3**

अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 80

Time allowed : 3 hours | Maximum Marks : 80

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 1** मानचित्र हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **21** printed pages **+ 1** Map. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न–पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **21** तक बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार के **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **22** से **27** तक अति लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **तीन-तीन** अंकों के प्रश्न हैं । इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों की शब्द सीमा में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **28** से **30** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **आठ-आठ** अंकों के प्रश्न हैं । इन प्रश्नों के उत्तर 300 से 350 शब्दों की शब्द सीमा में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **31** से **33** तक स्रोत-आधारित प्रश्न, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित **पाँच** अंकों का प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । इस मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** ***21×1=21***

**1.** निम्नलिखित जानकारी से महाभारत के चरित्र की पहचान कीजिए :

- वह निषाद था
- वह द्रोणाचार्य को अपना गुरु मानता था
- उसने अपने दाहिने हाथ का अँगूठा द्रोणाचार्य को गुरु दक्षिणा के रूप में दिया

विकल्प :

(a) घटोत्कच (b) एकलव्य

(c) नकुल (d) सहदेव

**2.** निम्नलिखित में से किसने यह शब्द कहे (मान्यता अनुसार) ?

"तुम सब अपने लिए ख़ुद ही ज्योति बनो क्योंकि तुम्हें ख़ुद ही अपनी मुक्ति का रास्ता ढूँढ़ना है ।"

(a) महावीर (b) बुद्ध

(c) सिगल (d) आनंद

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In **Section A** – Questions no. **1** to **21** are Multiple Choice (MCQ) type questions, carrying **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B** – Questions no. **22** to **27** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each. Answers to these questions should not exceed 60 to 80 words.*

*(v)* *In **Section C** – Questions no. **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions carrying **8** marks each. Answers to these questions should not exceed 300 to 350 words.*

*(vi)* *In **Section D** – Questions no. **31** to **33** are Source-based questions with three sub-questions of **4** marks each.*

*(vii)* *In **Section E** – Question no. **34** is Map-based question carrying **5** marks that includes the identification and location of significant test items. Attach the map with the answer book.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Identify the character of the Mahabharata for the following information :

- Was a nishad
- Considered Dronacharya as his Guru
- Gave his right thumb to Dronacharya as Guru dakshina

Options :

(a) Ghatotkatch (b) Eklavya

(c) Nakul (d) Sahdeva

**2.** Who among the following is believed to have spoken these words ? "Be lamps unto yourselves as all of you must work out your own liberation."

(a) Mahavira (b) Buddha

(c) Sigala (d) Ananda

**3.** निम्नलिखित कथनों में से प्रभावती गुप्त के बारे में कौन-सा सही है ?

(a) वह गुप्त राजवंश की रानी थी ।

(b) वह संसाधनों पर अपनी पैठ रखती थी ।

(c) वह संभ्रातों को भूमिदान देती थी ।

(d) वह चंद्रगुप्त द्वितीय की पुत्री थी ।

**4.** बुद्ध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(i) बुद्ध शाक्य कबीले के सरदार के बेटे थे ।

(ii) उन्हें संघ की चारदीवारी के अंदर रखा गया ।

(iii) जीवन के कटु यथार्थों से उन्हें अवगत कराया गया ।

(iv) वृद्ध व्यक्ति और बीमार को देखकर उन्हें गहरा दुःख हुआ ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (i) और (ii)    (b) (ii) और (iii)

(c) (i) और (iv)    (d) (ii) और (iv)

**5.** बनावली, हड़प्पा संस्कृति का प्राचीन पुरास्थल, निम्नलिखित में से किस आधुनिक भारतीय राज्य में स्थित है ?

(a) पंजाब    (b) हरियाणा

(c) हिमाचल प्रदेश    (d) उत्तराखंड

**6.** निम्नलिखित में से कौन भारतीय पुरातात्त्विक सर्वेक्षण के पहले डायरेक्टर जनरल थे ?

(a) आर.ई.एम. व्हीलर    (b) जॉन मार्शल

(c) दया राम साहनी    (d) अलेक्जेंडर कनिंघम

**7.** निम्नलिखित में से किसने अशोक की ब्राह्मी गूढ़लिपि का अर्थ निकाला ?

(a) हरीसेन    (b) मेगस्थनीज़

(c) जेम्स प्रिंसेप    (d) कौटिल्य

**8.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

मुगल प्रशासनिक व्यवस्था के शीर्ष पर एक सैनिक-नौकरशाही तंत्र __________ था जिस पर राज्य के सैनिक व नागरिक मामलों की जिम्मेदारी थी ।

(a) इक्ता व्यवस्था    (b) मनसबदारी व्यवस्था

(c) अमर-नायक व्यवस्था    (d) इज़ारेदारी व्यवस्था

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा यात्री यूरोप ना लौट कर भारत में रहने लगा ?

(a) बर्नियर    (b) मनुची

(c) दुआर्ते बारबोसा    (d) रॉबर्टो नोबिली

3. Which of the following statements is correct about Prabhavati Gupta ?
(a) She was a Gupta Queen.
(b) She had no access to resources.
(c) She donated land to elites.
(d) She was the daughter of Chandragupta II.

4. Which of the following statements are true regarding Buddha ?
(i) Buddha was the son of a chief of Sakya clan.
(ii) He had a sheltered upbringing within the Sangha.
(iii) He was informed of the harsh realities of life.
(iv) He was deeply anguished when he saw an old man and a sick man.

Choose the correct option :
(a) (i) and (ii)
(b) (ii) and (iii)
(c) (i) and (iv)
(d) (ii) and (iv)

5. Banawali, an ancient site of Harappan culture, is located in which of the following modern Indian state ?
(a) Punjab
(b) Haryana
(c) Himachal Pradesh
(d) Uttarakhand

6. Who among the following was the first Director General of Archaeological Survey of India (ASI) ?
(a) R.E.M. Wheeler
(b) John Marshall
(c) Daya Ram Sahni
(d) Alexander Cunningham

7. Who among the following was able to decipher Ashoka's Brahmi script ?
(a) Harisena
(b) Megasthenes
(c) James Princep
(d) Kautilya

8. Fill in the blank :
The Mughal administrative system had an apex, a military cum bureaucratic apparatus ______________ which looked after civil and military affairs.
(a) Iqta system
(b) Mansabdari system
(c) Amara-nayaka system
(d) Ijaredari system

9. Who among the following travellers never returned to Europe and settled in India ?
(a) Bernier
(b) Manucci
(c) Duarte Barbosa
(d) Roberto Nobili

**10.** निम्नलिखित को कालानुक्रमबद्ध कीजिए और निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) तुलुवों द्वारा सुलुवों सैनिक कमांडरों का स्थान लिया गया था ।

(ii) कृष्णदेवराय ने उड़ीसा के शासकों का दमन किया ।

(iii) तालीकोटा युद्ध में विजयनगर साम्राज्य को शिकस्त खानी पड़ी ।

(iv) हरिहर और बुक्का ने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (iv), (i), (iii), (ii)

(b) (iv), (i), (ii), (iii)

(c) (iv), (iii), (ii), (i)

(d) (iv), (ii), (i), (iii)

**11.** निम्नलिखित में से किस स्थान पर बृहदेश्वर मंदिर स्थित है ?

(a) बीजापुर

(b) बेलूर

(c) विजयनगर

(d) तंजावूर

**12.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । निम्नलिखित को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दी के कृषि इतिहास को समझने के लिए हमारा मुख्य स्रोत *आइन-ए-अकबरी* ग्रंथ है ।

*कारण (R) :* खेती, करों की उगाही और राज्य तथा जमींदारों के बीच के रिश्तों के लिए राज्य द्वारा किए गए इंतजाम का लेखा-जोखा इस ग्रंथ में सावधानी से पेश किया गया ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**10.** Rearrange the following in chronological order and select the correct option from the following :

(i) The Saluva military commanders were replaced by the Tuluvas.

(ii) Rulers of Orissa were subdued by Krishnadeva Raya.

(iii) The Battle of Talikota routed out the Vijayanagara Empire.

(iv) Harihara and Bukka founded the Vijayanagara Empire.

Choose the correct option :

(a) (iv), (i), (iii), (ii) (b) (iv), (i), (ii), (iii)

(c) (iv), (iii), (ii), (i) (d) (iv), (ii), (i), (iii)

**11.** In which of the following places is the Brihadishvara temple situated ?

(a) Bijapur (b) Belur

(c) Vijayanagara (d) Thanjavur

**12.** Two statements as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* Our major source to know agrarian history of $16^{th}$ and $17^{th}$ centuries is the chronicle known as *Ain-i-Akbari*.

*Reason (R) :* This text meticulously recorded the arrangements made by the state to ensure cultivation, collect revenue and relations between state and zamindars.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**13.** 1857 के विद्रोह के दौरान निम्नलिखित में से दिल्ली का सम्राट कौन था ?

(a) बिरजिस क़द्र

(b) औरंगज़ेब

(c) बहादुर शाह

(d) फारुख सियार

**14.** निम्नलिखित घटनाओं को सुमेलित कीजिए :

| | *सूची I (घटना)* | | *सूची II (सह-संबंध)* |
|---|---|---|---|
| i. | पाँचवीं रिपोर्ट | 1. | जमींदारी प्रथा |
| ii. | दक्कन दंगा आयोग | 2. | संथालों की भूमि |
| iii. | दामिन-ए-कोह | 3. | कपास में तेजी |
| iv. | अमरीकी गृह युद्ध | 4. | रैयतवारी प्रथा |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) i – 2, ii – 1, iii – 3, iv – 4

(b) i – 3, ii – 2, iii – 1, iv – 4

(c) i – 1, ii – 4, iii – 2, iv – 3

(d) i – 4, ii – 3, iii – 1, iv – 2

**15.** निम्नलिखित में से किसको गाँधीजी ने अपना राजनीतिक गुरु माना ?

(a) दादाभाई नौरोजी

(b) लाला लाजपत राय

(c) गोपाल कृष्ण गोखले

(d) बाल गंगाधर तिलक

**13.** Who among the following was the Emperor at Delhi during the 1857 Revolt ?

(a) Birjis Qadr

(b) Aurangzeb

(c) Bahadur Shah

(d) Farukh Siyar

**14.** Match the following events :

| | *List I* *(Event)* | | *List II* *(Correlation)* |
|---|---|---|---|
| i. | Fifth Report | 1. | Zamindari system |
| ii. | Deccan Riot Commission | 2. | Santhal's land |
| iii. | Damin-i-koh | 3. | Cotton boom |
| iv. | American Civil War | 4. | Ryotwari system |

Choose the correct option :

(a) i – 2, ii – 1, iii – 3, iv – 4

(b) i – 3, ii – 2, iii – 1, iv – 4

(c) i – 1, ii – 4, iii – 2, iv – 3

(d) i – 4, ii – 3, iii – 1, iv – 2

**15.** Who among the following was considered as a political mentor by Gandhiji ?

(a) Dadabhai Naoroji

(b) Lala Lajpat Rai

(c) Gopal Krishna Gokhale

(d) Bal Gangadhar Tilak

**16.** निम्नलिखित को क्रमबद्ध कीजिए :

(i) गाँधीजी का असहयोग आंदोलन का आह्वान

(ii) गाँधीजी का खेड़ा सत्याग्रह

(iii) गाँधीजी का चम्पारन सत्याग्रह

(iv) गाँधीजी का बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में भाषण

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (ii), (iv), (i) , (iii)

(b) (iii), (i), (iv) , (ii)

(c) (i), (ii), (iii), (iv)

(d) (iv), (iii), (ii), (i)

**17.** निम्नलिखित में से किस भाषा को गाँधीजी ने राष्ट्रीय भाषा का दर्जा देने के लिए बल दिया ?

(a) हिन्दी

(b) हिन्दुस्तानी

(c) संस्कृत

(d) अंग्रेज़ी

**18.** 1857 के विद्रोह में निम्नलिखित में से किसने आरा, बिहार से नेतृत्व किया ?

(a) कुँवर सिंह

(b) नाना साहेब

(c) तात्या तोपे

(d) शाह मल

**19.** निम्नलिखित में से किसने संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' पारित किया ?

(a) जवाहर लाल नेहरू

(b) महात्मा गाँधी

(c) बी.आर. अम्बेडकर

(d) आर.वी. धुलेकर

**16.** Arrange the following in sequence :

(i) Gandhiji's call for Non-Cooperation

(ii) Gandhiji's Kheda Satyagraha

(iii) Gandhiji's Champaran Satyagraha

(iv) Gandhiji's speech in Banaras Hindu University

Choose the correct option :

(a) (ii), (iv), (i), (iii)

(b) (iii), (i), (iv), (ii)

(c) (i), (ii), (iii), (iv)

(d) (iv), (iii), (ii), (i)

**17.** Which one of the following languages was emphasized by Gandhiji for the status of national language ?

(a) Hindi

(b) Hindustani

(c) Sanskrit

(d) English

**18.** Who among the following assumed leadership of the Revolt of 1857 from Arrah, Bihar ?

(a) Kunwar Singh

(b) Nana Saheb

(c) Tatya Tope

(d) Shah Mal

**19.** Who among the following gave the 'Objectives Resolution' in the Constituent Assembly ?

(a) Jawahar Lal Nehru

(b) Mahatma Gandhi

(c) B.R. Ambedkar

(d) R.V. Dhulekar

**20.** सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए :

| | *सूची I* *(संत)* | | *सूची II* *(परंपराएँ)* |
|---|---|---|---|
| i. | अंडाल | 1. | सूफ़ी |
| ii. | बासवन्ना | 2. | लिंगायत |
| iii. | कराइक्कल अम्मइयार | 3. | अलवार |
| iv. | बाबा फरीद | 4. | नयनार |

विकल्प :

(a) i – 1, ii – 3, iii – 2, iv – 4
(b) i – 2, ii – 4, iii – 1, iv – 3
(c) i – 3, ii – 2, iii – 4, iv – 1
(d) i – 4, ii – 1, iii – 3, iv – 2

**21.** फ्राँस्वा बर्नियर के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(i) वह एक चिकित्सक, दार्शनिक तथा इतिहासकार था ।
(ii) मुगल साम्राज्य में वह अवसरों की तलाश में आया था ।
(iii) वह राजकुमार दारा शिकोह का चिकित्सक बना ।
(iv) बर्नियर के लेख स्पेन में प्रकाशित हुए ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (i), (ii) और (iii)
(b) (ii), (iii) और (iv)
(c) (i), (iii) और (iv)
(d) (i), (ii) और (iv)

## खण्ड ख

## (लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *6×3=18*

**22.** इतिहासकारों ने हड़प्पा के सामाजिक अंतरों की व्याख्या किस प्रकार की है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**23.** (क) ईसा पूर्व प्रथम सहस्राब्दि का काल विश्व इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ क्यों माना जाता है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) बुद्ध को उस युग का सबसे प्रभावशाली शिक्षक क्यों माना जाता है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**20.** Match List I with List II :

| | *List I* *(Saints)* | | *List II* *(Traditions)* |
|---|---|---|---|
| i. | Andal | 1. | Sufi |
| ii. | Basavanna | 2. | Lingayat |
| iii. | Karaikkal Ammaiyar | 3. | Alvar |
| iv. | Baba Farid | 4. | Nayanar |

Options :

(a) i – 1, ii – 3, iii – 2, iv – 4 (b) i – 2, ii – 4, iii – 1, iv – 3

(c) i – 3, ii – 2, iii – 4, iv – 1 (d) i – 4, ii – 1, iii – 3, iv – 2

**21.** Which of the following statements regarding Francois Bernier are correct ?

(i) He was a doctor, philosopher and historian.

(ii) He came to the Mughal Empire in search of opportunities.

(iii) He became physician to Prince Dara Shikoh.

(iv) Bernier's works were published in Spain.

Choose the correct option :

(a) (i), (ii) and (iii) (b) (ii), (iii) and (iv)

(c) (i), (iii) and (iv) (d) (i), (ii) and (iv)

## SECTION B

**(Short Answer Type Questions)** *6×3=18*

**22.** How have historians explained the social differences among Harappans ? Explain. *3*

**23.** (a) Why is the mid-first millennium BCE often considered as the turning point in world history ? Explain. *3*

**OR**

(b) Why was Buddha considered as one of the most influential teachers of his time ? Explain. *3*

**24.** विजयनगर के पतन में रामा राय की भूमिका का वर्णन कीजिए । *3*

**25.** (क) भारतीय शहरों पर इब्न बतूता के विचारों को स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) मुग़ल साम्राज्य में बर्नियर ने भूमि पर राजकीय स्वामित्व को राज्य तथा उसके निवासियों दोनों के लिए हानिकारक क्यों माना था ? व्याख्या कीजिए । *3*

**26.** सहायक संधि प्रणाली के प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए । *3*

**27.** सामाजिक सुधारक के रूप में गाँधीजी की भूमिका की व्याख्या कीजिए । *3*

## खण्ड ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *3×8=24*

**28.** (क) "शास्त्रों (ब्राह्मणवादी सिद्धांत) के अनुसार केवल क्षत्रिय ही राजा हो सकते थे किन्तु अनेक महत्त्वपूर्ण राजवंशों की उत्पत्ति अन्य वर्णों से भी हुई थी ।" इस कथन की व्याख्या प्राचीन भारत के उदाहरणों से कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) "उपमहाद्वीप में पाई जाने वाली विविधताओं की वजह से भारत में हमेशा ऐसे समुदाय रहे हैं जिनकी सामाजिक प्रथाओं पर ब्राह्मणीय विचारों का प्रभाव नहीं पड़ा ।" कथन की व्याख्या कीजिए । *8*

**29.** (क) गुरु नानक देव के दर्शन और शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) सूफ़ीवाद की मान्यताओं और प्रथाओं की व्याख्या कीजिए । *8*

**30.** (क) उन कारणों का विश्लेषण कीजिए जिनके कारण बम्बई दक्कन दंगे हुए । *8*

**अथवा**

(ख) "पाँचवीं रिपोर्ट भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के स्वरूप पर ब्रिटिश संसद में गंभीर वाद-विवाद का आधार बनी ।" कथन की परख कीजिए । *8*

**24.** Describe the role of Rama Raya to bring about the ruin of Vijayanagara. *3*

**25.** (a) Explain the views of Ibn Battuta on Indian cities. *3*

**OR**

(b) Explain how Bernier found the crown ownership of land as being harmful for both the state and its people in the Mughal Empire. *3*

**26.** Explain the provisions of Subsidiary Alliance System. *3*

**27.** Explain the role of Gandhiji as a social reformer. *3*

## SECTION C

### (Long Answer Type Questions) *3×8=24*

**28.** (a) "According to Brahmanical theory, only Kshatriyas could be kings in the early states, however several other ruling lineages probably had different origins." Explain the statement with examples from ancient India. *8*

**OR**

(b) "Given the diversity of the sub-continent, there have been populations in early states, whose social practices were not influenced by the Brahmanical ideas." Explain the statement. *8*

**29.** (a) Explain the philosophy and teachings of Guru Nanak Dev. *8*

**OR**

(b) Explain the beliefs and practices of Sufism. *8*

**30.** (a) Analyse the causes that led to the Bombay Deccan Riots. *8*

**OR**

(b) "The Fifth Report became the basis of intense parliamentary debates on the nature of East India Company's rule in India." Examine the statement. *8*

## खण्ड घ

## (स्रोत-आधारित प्रश्न) 3×4=12

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**सम्राट के अधिकारी क्या-क्या कार्य करते थे ?**

मेगस्थनीज़ के विवरण का एक अंश दिया गया है :

> साम्राज्य के महान अधिकारियों में से कुछ नदियों की देख-रेख और भूमि मापन का काम करते हैं जैसा कि मिस्र में होता था । कुछ प्रमुख नहरों से उपनहरों के लिए छोड़े जाने वाले पानी के मुखद्वार का निरीक्षण करते हैं ताकि हर स्थान पर पानी की समान पूर्ति हो सके । यही अधिकारी शिकारियों का संचालन करते हैं और शिकारियों के कृत्यों के आधार पर उन्हें इनाम या दंड देते हैं । वे कर वसूली करते हैं, और भूमि से जुड़े सभी व्यवसायों का निरीक्षण करते हैं साथ ही लकड़हारों, बढ़ई, लोहारों और खननकर्ताओं का भी निरीक्षण करते हैं ।

(31.1) मेगस्थनीज़ कौन था ? *1*

(31.2) निरीक्षण अधिकारियों की भूमिका महत्त्वपूर्ण क्यों थी ? *1*

(31.3) राजा की प्रशासनिक भूमिका को समझने के लिए मेगस्थनीज़ का वृत्तांत किस प्रकार उपयोगी है ? *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**किसान बस्तियों का बसना-उजड़ना**

> यह हिंदुस्तानी कृषि समाज की एक ख़ासियत थी और इस ख़ासियत ने मुग़ल शासक बाबर की तेज़ निगाहों को इतना चौंकाया कि उसने इसे अपने संस्मरण *बाबर नामा* में नोट किया :
>
> हिंदुस्तान में बस्तियाँ और गाँव, दरअसल शहर के शहर, एक लमहे में ही वीरान भी हो जाते हैं और बस भी जाते हैं । वर्षों से आबाद किसी बड़े शहर के बाशिंदे उसे छोड़कर चले जाते हैं, तो वे ये काम कुछ इस तरह करते हैं कि डेढ़ दिनों के अंदर उनका हर नामोनिशान (वहाँ से) मिट जाता है । दूसरी ओर, अगर वे किसी जगह पर बसना चाहते हैं तो उन्हें पानी के रास्ते खोदने की ज़रूरत नहीं होती क्योंकि उनकी सारी फ़सलें बारिश के पानी में उगती हैं, और चूँकि हिंदुस्तान की आबादी बेशुमार है, लोग उमड़ते चले आते हैं । वे एक सरोवर या कुआँ बना लेते हैं; उन्हें घर बनाने या दीवार खड़ी करने की भी ज़रूरत नहीं होती... खस की घास बहुतायत में पाई जाती हैं, जंगल अपार हैं, झोंपड़ियाँ बनाई जाती हैं, और यकायक एक गाँव या शहर खड़ा हो जाता है!

(32.1) *बाबर नामा* क्या है ? *1*

(32.2) किसान पानी की ज़रूरतों को किस प्रकार हल करते थे ? *1*

(32.3) कृषिक समाज की विभिन्न विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *2*

## SECTION D

**(Source-Based Questions)** *3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**What the king's officials did**

Here is an excerpt from the account of Megasthenes :

Of the great officers of state, some . . . superintend the rivers, measure the land, as is done in Egypt, and inspect the sluices by which water is let out from the main canals into their branches, so that every one may have an equal supply of it. The same persons have charge also of the huntsmen, and are entrusted with the powers of rewarding or punishing them according to their deserts. They collect the taxes, and superintend the occupations connected with land; as those of the woodcutters, the carpenters, the blacksmiths, and the miners.

(31.1) Who was Megasthenes ? *1*

(31.2) How were the roles of supervisory officers important ? *1*

(31.3) How is Megasthenes' description helpful in understanding the administrative role of the king ? *2*

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**Peasants on the move**

This was a feature of agrarian society which struck a keen observer like Babur, the first Mughal emperor, forcefully enough for him to write about it in the *Babur Nama*, his memoirs:

In Hindustan hamlets and villages, towns indeed, are depopulated and set up in a moment! If the people of a large town, one inhabited for years even, flee from it, they do it in such a way that not a sign or trace of them remains in a day and a half. On the other hand, if they fix their eyes on a place to settle, they need not dig water courses because their crops are all rain-grown, and as the population of Hindustan is unlimited it swarms in. They make a tank or a well; they need not build houses or set up walls . . . *khas*-grass abounds, wood is unlimited, huts are made, and straightaway there is a village or a town!

(32.1) What is *Babur Nama* ? *1*

(32.2) How did the peasants meet the needs of water ? *1*

(32.3) Explain the distinctive features of agrarian society. *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**"हम सिर्फ नकल करने वाले नहीं हैं"**

13 दिसंबर, 1946 को अपने प्रसिद्ध भाषण में जवाहरलाल नेहरू ने यह कहा था :

मेरे ज़हन में बार-बार वे सारी संविधान सभाएँ आ रही हैं जो पहले यह काम कर चुकी हैं । मुझे उस महान अमेरिकी राष्ट्र के निर्माण की प्रक्रिया का खयाल आ रहा है जहाँ राष्ट्र-निर्माताओं ने एक ऐसा संविधान रच दिया जो इतने सारे सालों, डेढ़ सदी से भी ज़्यादा समय तक काल की कसौटी पर खरा उतरा है । उन्होंने एक महान राष्ट्र गढ़ा जो उसी संविधान पर आधारित है । इसके साथ ही मेरी नज़र उस महान क्रांति की ओर जाती है जो 150 साल पहले एक अन्य स्थान पर हुई थी । मुझे उस संविधान सभा का विचार आता है जो स्वतंत्रता के लिए इतने सारे संघर्ष लड़ने वाले पेरिस के भव्य एवं खूबसूरत शहर में जुटी थी । उस संविधान सभा ने कितनी मुश्किलों का सामना किया था और किस तरह राजा व तमाम अन्य अधिकारी उसके रास्ते में रोड़ा बन रहे थे । इतिहास के ये सारे अध्याय बरबस मुझे याद आ रहे हैं । सदन इस बात को याद रखेगा कि जब इस तरह की मुश्किलें आई और जब उन संविधान सभाओं के लिए एक कमरा तक नहीं दिया जा रहा था तो उन्होंने टेनिस के खुले मैदान में सभा की थी और एक शपथ ली थी जिसे 'टेनिस कोर्ट की शपथ' के नाम से जाना जाता है । उन्होंने राजाओं व अन्य ताकतों की रुकावटों के बावजूद अपनी बैठकें जारी रखीं और तब तक वहाँ से नहीं हिले जब तक उन्होंने अपना काम पूरा नहीं कर लिया था । मुझे विश्वास है कि हम भी उसी शुद्ध भावना से यहाँ इकट्ठा हुए हैं और चाहे हमारी बैठक इस कक्ष में हो या कहीं और, चाहे खेतों में हो या बाज़ार में, हमारी बैठकें तब तक जारी रहेंगी जब तक हम अपना काम पूरा नहीं कर लेंगे ।

(33.1) अनुच्छेद में नेहरू जी ने किस क्रांति का उल्लेख किया है ? *1*

(33.2) नेहरू द्वारा अमरीकी संविधान के किन गुणों को उजागर किया गया ? *1*

(33.3) 'टेनिस कोर्ट की शपथ' क्या थी ? *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**"We are not going just to copy"**

This is what Jawaharlal Nehru said in his famous speech of 13 December, 1946 :

My mind goes back to the various Constituent Assemblies that have gone before and of what took place at the making of the great American nation when the fathers of that nation met and fashioned out a Constitution which has stood the test of so many years, more than a century and a half, and of the great nation which has resulted, which has been built up on the basis of that Constitution. My mind goes back to that mighty revolution which took place also over 150 years ago and to that Constituent Assembly that met in that gracious and lovely city of Paris which has fought so many battles for freedom, to the difficulties that the Constituent Assembly had and to how the King and other authorities came in its way, and still it continued. The House will remember that when these difficulties came and even the room for a meeting was denied to the then Constituent Assembly, they betook themselves to an open tennis court and met there and took the oath, which is called the Oath of the Tennis Court, that they continued meeting in spite of Kings, in spite of the others, and did not disperse till they had finished the task they had undertaken. Well, I trust that it is in the solemn spirit that we too are meeting here and that we, too, whether we meet in this chamber or other chambers, or in the fields or in the market-place, will go on meeting and continue our work till we have finished it.

(33.1) Which was the revolution discussed by Nehru in the passage ? *1*

(33.2) Which qualities of the American Constitution are highlighted by Nehru ? *1*

(33.3) What was the 'Oath of the Tennis Court' ? *2*

## खण्ड ङ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न) 5

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) कालीबंगा – एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल

(ii) भरहुत – एक महत्त्वपूर्ण बौद्ध स्थल

(iii) (क) अजमेर – अकबर के अधीन क्षेत्र

**अथवा**

(iii) (ख) विजयनगर – कृष्णदेव राय के साम्राज्य की राजधानी

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर दो स्थानों को A और B से अंकित किया गया है, जो 1857 में अंग्रेज़ों के अधीन क्षेत्रों से संबंधित हैं । उनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 34 के स्थान पर हैं :*

(34.1) राजस्थान में किसी विकसित हड़प्पा पुरास्थल का नाम लिखिए । *1*

(34.2) दक्षिण भारत के किसी एक बौद्ध स्थल का नाम लिखिए । *1*

(34.3) (क) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए । *1*

**अथवा**

(34.3) (ख) मुग़ल साम्राज्य की किसी एक राजधानी नगर का नाम लिखिए । *1*

(34.4) 1857 में अंग्रेज़ों के अधीन किन्हीं दो स्थानों का नामोल्लेख कीजिए । *2*

## SECTION E
## (Map-Based Question) *5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 23), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Kalibangan – a mature Harrapan site

(ii) Bharhut – an important Buddhist site

(iii) (a) Ajmer – a territory under Akbar

**OR**

(iii) (b) Vijayanagara – Capital of Krishanadeva Raya's empire

(34.2) On the same political outline map of **India**' two places related to British control in 1857 are marked as A and B. Identify them and write their names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No. 34 :*

(34.1) Name any mature Harappan site in Rajasthan. *1*

(34.2) Mention any one Buddhist site in Southern India. *1*

(34.3) (a) Name the capital of Vijayanagara Empire. *1*

**OR**

(34.3) (b) Name any one capital city of the Mughal Empire. *1*

(34.4) Mention any two places which were under the control of the British in 1857. *2*

प्रश्न सं. 34 के लिए

For question no. 34

